## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोटरसाइकिल को ट्रक ने मारी ठोंकर, मदद के लिए पहुंची ईआरवी वाहन

रायगढ़। 1 जनवरी की दोपहर 13.52 बजे पूंजीपथरा राइनो को रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला, जिस पर पूंजीपथरा राइनो स्टाफ आरक्षक संतोष एक्का घटनास्थल बंजारी मंदिर के आगे पहुंचा जहां अज्ञात ट्रक का चालक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक को ठोकर मार कर भाग गया था। दुर्घटना में घायल हुए (1) पवन राठिया पिता महेत्तर राठिया उम्र 25 वर्ष निवासी थाना घरघोड़ा (2) लाल यादव पिता हेतराम यादव उम्र 26 वर्ष (3) मुकेश राठिया पिता भागीरथी राठिया उम्र 21 वर्ष निवासी कोनपारा थाना घरघोड़ा को गंभीर चोटें आई थी जिसे राइनो स्टॉफ द्वारा वाहन में बिठाकर KGH रायगढ़ में भर्ती कराया।

### ट्रक ने मोटर सायकल को मारी ठोंकर, घायल दो युवकों को राइनो वाहन पहुंचायी अस्पताल

रायगढ़। ग्राम रापागुला में रहने वाला सुरेन्द्र सिदार पिता तुलसीदास सिदार उम्र 22 वर्ष 31 दिसम्बर को अपने मोटर सायकल सीटी 100 बजाज क्रमांक सीजी 13 w 5383 अपने साथी मनोहर सिदार पिता चंद्रहास सिदार उम्र 21 वर्ष के साथ काम से सारंगढ़ आया था और कार्य के बाद वापस मोटर सायकल से सुरेन्द्र सिदार, मनोहर सिदार घर रापागुला जा रहे थे कि शाम करीब 7 बजे सारंगढ़ रानीसागर के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 ZC 2189 का चालक ट्रक को उपेक्षापूर्वक चलाकर सुरेन्द्र सिदार एवं मनोहर सिदार को एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनो के सिर, हाथ, पैर, शरीर में काफी चोटें आयी थी। घटना की सूचना डॉयल 112 सारंगढ़ राइनो को मिलने पर घटनास्थल रानीसागर पहुंचा, जहां राइनो स्टाफ आरक्षक हरिलाल टंडन, शशिकांत चौहान ने आहतों को सारंगढ़ अस्पताल ईलाज के लिये पहुंचाया।

### गुजराती भोजनायल में चोरी की नियत से घुसा व्यक्ति पकड़ाया

रायगढ़। श्याम टाकिज के पास स्थित गुजराती भोजनालय में 30-31 दिसम्बर के रात्रि एक व्यक्ति भोजनालय के पीछे का ताला को तोड कर चोरी की नियत से अंदर घुसा था, भोजनालय के अंदर सो रहा कर्मचारी गणेश रात्रि में बर्तनों की आवाज सुनकर जागा और चोरी करने घुसे हुये व्यक्ति सदाशिव लोहार पिता सुर्याराम लोहार उम्र 25 साल साकिन वनकुबो थाना नारायणपुर जिला जशपुर को पकड़कर अपने मालिक राकेश ठक्कर पिता बी.एस. ठक्कर उम्र 49 वर्ष निवासी दरोगा पारा को मोबाईल पर घटना की जानकारी दिया। घटना की रिपोर्ट राकेश ठक्कर द्वारा दिनांक 31.12.18 को थाना कोतवाली में दर्ज कराया, रिपोर्ट पर आरोपी सदाशिव लोहार के विरूद्ध अप.क्र. 1578/18 धारा 457 ता.हि. पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### पन्द्रह दिन से सड़ता रहा हाथी का शव

धरमजयगढ़। मुख्यालय से पन्द्रह किलोमीटर दूर क्रोंधा जंगल में 18 दिन पहले एक हाथी शिकार के लिए बिछाए गये बिजली तार में फंस कर जान गंवा बैठा। दंतैल हाथी का आंतक इस कदर बढ़ गया था कि पूरे गांव में घुस घुस कर हड़कंप मचा रखा था। इससे ऐसा लगता है कि जानबुझ कर हाथी को वन विभाग की लापरवाही से मार दिया गया है। हाथी के मरने के पन्द्रह दिनों तक वन विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को जानकारी नही हुआ। जबकि क्रोंधा में ही वन रक्षक का मुख्यालय है। बताया जाता है कि जब हाथी का मृत शरीर सड़ने लगा तो सड़ांध से लोगों को पता चला और जब बनपरिक्षेत्र अधिकारी दल बल सहित घटना स्थल पहुंचे तो देखे की मृत हाथी के दोनों बेशकिमती दांत गायब हैं।

# 15 साल बाद आई सरकार, अब एल्डरमैन बनने जोड़तोड़ शुरू

## कांग्रेस जिले के निकायों में मनोनित करेगी एल्डरमैन, 40 रिक्त पद

रायगढ़। प्रदेश में 15 साल बाद सत्ता में आने वाली कांग्रेस पार्टी अब रूठे नेताओं एवं अपने चहेतों को एल्डरमैन बनाकर ताकत बढ़ाना चाहती है। निगम पालिका एवं नगर पंचायतों में कांग्रेसियों को एल्डरमैन बनाने के लिए पार्टी खेमें में जोड़तोड़ शुरू हो गया है और लोकसभा चुनाव से पहले जिले में भी कांग्रेस नगरीय निकायों में एल्डरमैन के 40 रिक्त पद पर अपने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को मनोनीत करेगी।



विस चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद कांग्रेस ने अब अपने दूसरे पंक्ति के नेताओं के लिए कुर्सिया तलाशनी शुरू कर दी है। जिले की पांचो विस में क्लीन स्वीप करने के बाद पार्टी में नई ऊर्जा आ गई है। अप्रैल महीने में लोकसभा चुनाव होने है। ऐसे में पार्टी हर जगह अपना वजूद मजबूत करना चाह रही है। यही कारण है कि शपथ ग्रहण के बाद सरकार ने सबसे पहले निकायों में पूर्व में भाजपा सरकार द्वारा मनोनीत किए गए एल्डरमैन को तत्काल प्रभाव से हटा दिया था और अब इन खाली कुर्सियों में पार्टी के वफादारों के अलावा नाराज चल रहे नेताओं को भी कुर्सी देकर पार्टी चुनावी समीकरण को बैलेंस करने जा रहा है। रायगढ़ जिले में नगर निगम रायगढ़ में 8 एल्डरमैन के अलावा खरसिया एवं सारंगढ़ पालिका में 4-4 एल्डरमैन मनोनीत होने हैं। वहीं जिले के घरघोड़ा, तमनार, पुसौर, धरमजयगढ़, लैलूंगा, किरोड़ीमलनगर, बरमकेला व सरिया नगर पंचायत में 3-3 एल्डरमैन की कुर्सियां रिक्त हुई हैं।ऐसे में एल्डरमैन कोटे से ही जिले में करीब 40 कुर्सियों पर नए चेहरे आने हैं। निकायों में अपना वजूद बढ़ाने के लिए पार्टी में सभी गुट के बड़े नेता इसके लिए हावी हो गए हैं और अपने अपने चहेतों को बैकडोर से पालिटिक्स में लाने के लिए जोड़तोड़ शुरू कर दिया है। इसी साल निकायों में भी चुनाव होने है, इसलिए पार्टी ने भी इसकी तैयारी शुरू कर दी है और संगठन से रायशुमारी कर लोकसभा चुनाव से पहले ही सभी निकायों में कांग्रेस नए एल्डरमैन को मनोनीत कर सकती है।

## नए वर्ष में मानव सेवी संस्था युवा संकल्प ने शहर वासियों को दिए 5 निःशुल्क ऑटो एम्बुलेंस की सौगात

मुख्य चिकित्सा अधिकारी टोंडर ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया पांचो एम्बुलेंस को रवाना



रायगढ़। शहर की अगर मानव निर्मित भौगोलिक संरचना की बात करें तो बड़े छोटे मुहल्लों का, ऐसा जाल बन हुआ है जहां अधिकतर लोगों के घर के सामने बड़ी एवं खुली सड़को का अभाव है और दूसरी तरफ जनसंख्या वृद्धि के कारण से मुख्य मार्गों में इतना जाम रहता है कि लोगो को आवागमन में प्रतिदिन असुविधा उत्पन्न होती है। असुविधा तब बढ़ जाती है जब किसी गर्भवती महिला, इमरजेंसी मरीज एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीज के पास स्वास्थ्य सेवा दे रहे एम्बुलेंस संकरी गली होने के कारण से घर तक नही पहुंच पाते है।

### इन नम्बरो में फोन करने से प्राप्त होंगी निःशुल्क ऑटो एम्बुलेंस

युवा संकल्प संगठन के महासचिव एवं स्वास्थ्य प्रभारी लीलाधर बानु खूंटे जी ने ऑटो एम्बुलेंस के प्रभारी मो.अकबर खान के मो नम्बर 7223917825 को मुख्य नम्बर के रूप में जारी किया साथ ही साथ युवा संकल्पी राज चौहान जिनका मोबाइल नम्बर 9131263920 एवं आर्यन शर्मा मोबाइल नम्बर 7000571685 को जारी किया। इनके अलावा संगठन से जुड़े सभी सदस्यों के नम्बर से भी इस सुविधा का लाभ लिया जा सकता है।

# बेटियों की किलकारी से गूंजा अस्पताल

## 19 नवजात ने देखा 19 कि पहली किरण

रायगढ़। नव वर्ष के अवसर कुछ घरों में जन्मदिन की तैयारियां चल रही थी तो कई घरों में नए किलकारियों के आगमन का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मेकाहारा अस्पताल में वर्ष 2019 में रात्रि 12 बजे के बाद 19 नवजात की किलकारियों के चहकते आवाज से गुंजयमान रहा। जिसमें 11 बेटियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिले में 2019 की पहली किरण देखी है। नव वर्ष की शुरुआत में काफी महत्वपूर्ण रहा जिसमें जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा दिया गया था। वहां नए वर्ष की



शुरुआत में मेडिकल कालेज अस्पताल में पुसौर ब्लाक की प्रसूता संतोषी सिदार ने स्वस्थ्य नवजात बालिका को 12 बज कर 6 मिनट में जन्म दिया। इस तरह खबर लिखे जाने तक मेडिकल कालेज अस्पताल में कुल 19 नवजात में 11 बेटियों ने गृहलक्ष्मी का स्वरूप लेकर लेकर घर आंगन को महकाते हुए परिजनों के झोली में खुशियां भर दिए है। इसके अलावा 8 नवजात बालक स्वस्थ्य जन्म हुआ है। जिसमें से 1 बालक व 4 बालिका सिजेरियन में हुई है। अस्पताल प्रबंधन सभी नवजात का विशेष ध्यान भी दे रही है।

## निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 तक

रायगढ़। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के तहत विधानसभा निर्वाचन 2018 के परिणामों की घोषणा के 30 दिवस के भीतर प्रत्येक अभ्यर्थी प्रत्याशी को निर्वाचन व्यय लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। तत्संबंध में निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित है। उक्त संबंध में आवश्यक जानकारी 21 दिसम्बर 2018 को आयोजित बैठक में पूर्व में दी जा चुकी है।

## काउंसिलिंग 4 जनवरी को

रायगढ़। पुरूष बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू) प्रशिक्षण सत्र 2018-19 हेतु दस्तावेजों का काउंसिलिंग 4 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में किया जाएगा। काउंसिलिंग हेतु कुल 74 आवेदकों को बुलाया गया है। आवेदक समस्त मूल दस्तावेज जैसे दसवीं और बारहवीं की अंकसूची, मूल निवास प्रमाण-पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र, राज्य शासन द्वारा गठित जाति सत्यापन समिति का प्रमाण-पत्र, विकलांगता का प्रमाण-पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण-पत्र, सैनिक संवर्ग हेतु जिला सैनिक बोर्ड का प्रमाण-पत्र एवं शासकीय सेवारत संबंधी अभिलेख का साथ नियत तिथि में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## जहर सेवन की सूचना पर पहुंची राइनो वाहन

रायगढ़। 1 जनवरी की सुबह 9.36 बजे भूपदेवपुर राइनो को ग्राम बड़े डूमरपाली थाना खरसिया में एक महिला द्वारा जहर सेवन करने का इवेंट मिला। इवेंट पर भूपदेवपुर राइनो स्टॉफ आरक्षक मुकेश पटनायक ग्राम बड़े डूमरपाली पहुंचा, जहां श्रीमती मिलन डनसेना पति चांदीलाल डनसेना उम्र 50 वर्ष द्वारा कीटनाशक दवाई का सेवन कर ली थी, जिसे राइनो स्टॉफ आरक्षक मुकेश पटनायक ने ERV वाहन में बिठाकर खरसिया अस्पताल उपचार हेतु पहुंचाया।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.naysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU








## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480